राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com, Contact No. 7017836228

पत्रांकः—आर0एम0पी0यू0 / 3563 / 2022 दिनांकः—31 दिसम्बर, 2022

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या / प्रबन्धक,
सम्बन्धित महाविद्यालय,
संबद्ध राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय,
अलीगढ़।

विषयः—अखिल भारतीय क्रीडा परिषद प्रतियोगिता का आयोजन किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

आप अवगत है कि भारतीय विश्वविद्यालय संघ (AIU) भारत सरकार द्वारा राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़ को अखिल भारतीय अन्तर—विश्वविद्यालय मलखंब (पुरूष एवं महिला) तथा अमेरिकन फुटबॉल (पुरूष) प्रतियोगिताओं का आवंटन किया गया है, उक्त प्रतियोगिताऐं क्रमशः दिनांक 22 जनवरी, 2023 से दिनांक 25 जनवरी, 2023 एवं दिनांक 08 फरवरी, 2023 से दिनांक 13 फरवरी, 2023 में आयोजित की जायेंगी।

राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़ एक नवस्थापित विश्वविद्यालय है एवं विश्वविद्यालय के पास आर्थिक संसाधनों की अत्यन्त कमी है। अखिल भारतीय अन्तर —विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं पर अत्यधिक व्यय होगा, प्रतियोगिताओं के आयोजन की रूप रेखा तैयार किये जाने के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय क्रीडा परिषद की बैठक दिनांक 28.12.2022 में सम्पन्न हुई जिसमें अन्य बिन्दुओं के अलावा यह संकल्प पारित किया गया है कि प्रत्येक सम्बद्ध महाविद्यालय से रू0 10000.00 हजार मात्र की सहयोग राशि ले ली जाये ताकि अखिल भारतीय स्तर की प्रतियोगिताओं का सफलता पूर्वक आयोजन किया जा सके।

क्रीड़ा परिषद की संस्तुति पर मा0 कुलपति जी के अनुमोदन उपरान्त मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि प्रत्येक महाविद्यालय अपने महाविद्यालय की लॉगिन पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से रू0 10000.00 हजार (रू0 दस हजार मात्र) की धनराशि ऑनलाईन मोड से दिनांक 07.01.2023 तक जमा करने का कष्ट करें।

भवदीय,

31/12/22

(महेश कुमार)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः—

1. मा0 कुलपति जी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
2. वित्त अधिकारी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
3. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, आगरा / अलीगढ़।
3. सचिव, क्रीड़ा परिषद, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़
4. अधिकृत एजेंसी को इस निर्देश के साथ कि समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों के लॉगिन आई0डी0 एवं विश्वविद्यालय वेब साइट पर अपलोड करें।
5. सम्पादक समस्त समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ कि उक्त महत्वपूर्ण सूचना को अपने सम्मानित दैनिक जागरण पत्र में छात्रहित में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
6. गार्ड फाईल।

सहा0 कुलसचिव

V letter